**1968-69 में खाद्य उत्पादन का लक्ष्य**

*651. **श्री वासामी :**

**श्री चन्द्रशेखर सिंह :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आगामी वर्ष के खाद्य उत्पादन के लक्ष्य अब तक निर्धारित नहीं किए गए हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार ने कोई अनुमान लगाया है कि 1968-69 में अनाज की फसल कितनी होगी ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :** (क) से (ग). आगामी वर्षों के लिए खाद्यानों के उत्पादन का लक्ष्य अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है। यद्यपि पहले बनाये गए वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार 1968-69 के कार्यक्रम का लक्ष्य 1070 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्नों के उत्पादन की क्षमता प्राप्त करने का है। उत्पादन सम्भाव्यता के सम्बन्ध में लक्ष्य इस विचार से तैयार किए जायेंगे, कि राज्यों के 1968-69 के वजटों में कृषि उत्पादन कार्यक्रमों को वास्तविक नियतन के लिए क्या संसाधन उपलब्ध हैं और नवम्बर-दिसम्बर 1967 राज्यवार कार्यकारी दलों द्वारा क्या विचार विमर्श किया गया है। सरकार द्वारा अभी तक 1968-69 के लिये खाद्यानों के उत्पादन का प्राकलन तैयार नहीं किये गये हैं।

**बड़े उपभोक्ताओं को चीनी के कोटे का नियतन**

*653. **श्री मृत्युंजय प्रसाद :**

**श्री तुलसीदास जाधव :**

**श्री बाल्मीकि चौधरी :**

**श्रीमती सुचेता कृपालानी :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चीनी पर से आंशिक नियंत्रण समाप्त किए जाने के बाद होटल वालों, हलवाइयों आदि जैसे चीनी के बड़े उपभोक्ताओं को चीनी के विशेष परमिट रद्द किए जाने के क्या कारण हैं जबकि अन्य उपभोक्ताओं को राशन कार्डों पर चीनी दी जा रही है ; और

(ख) क्या सरकार का विचार निकट भविष्य में होटल वालों तथा हलवाइयों को चीनी का पर्याप्त कोटा देने का है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :** (क) आंशिक विनियन्त्रण की नीति के लागू होने के बाद, नियन्त्रित चीनी की उपलब्धि कम हो जाने के कारण बड़े उपभोक्ताओं को नियन्त्रित चीनी का आवंटन बन्द कर दिया गया है। नियन्त्रित चीनी का आवंटन जब मुख्यत: घरेलू उपभोक्ताओं में वितरण करने के लिए किया जा रहा है।

(ख) जी, नहीं।

PROFIT SHARING BONUS

*654. SHRI CHANDRA SHEKHAR SINGH : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) the number of coal mines which have not paid profit sharing bonus to the workers in 1967; and

(b) the steps which have been taken against them

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI HATHI) : (a) The number of coal mines which had not paid profit sharing bonus by 31-1-1968 for the accounting years 1964 and 1965, is 70 and 165, respectively. Information for the accounting year 1966 is not available.

(b) The defaulting managements have been served with show-cause notice and prosecutions are being launched against them.